26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 2 जुलाई , 2026
अंक- 248 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चंदा चोरी : आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी

## गैंगस्टर एक्ट में भी कसेगा शिकंजा



**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ शासन- प्रशासन बेहद सख्त ऐक्शन के मूड में आ गया है। बुलडोजर ऐक्शन के साथ ही सभी आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने की भी तैयारी की जा रही है। एक आरोपी लवकुश मिश्रा के घर अयोध्या विकास प्राधिकरण की टीम पहुंची है। उसके सहादतगंज में बन रहे नये घर का टीम ने सर्वे किया है। उसके घर वालों से पूछताछ की गई है। अब नोटिस देने की तैयारी हो रही है। अब तक हुई जांच और कार्रवाई के आधार पर मिले साक्ष्य गैंगस्टर के लिए पर्याप्त माने जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए विधिक राय ली जा रही है। श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला जून के पहले सप्ताह से ही चल रहा है। जानकारी होने पर मंदिर ट्रस्ट ने पहले अपने स्तर पर जांच की। पुलिस के साथ छापेमारी की और नगद बरामदगी की। जब मामला खुल गया और दबाव बना तो राज्य सरकार से एसआईटी जांच की सिफारिश कर दी। एसआईटी भी करीब एक सप्ताह तक डेरा डाले रही। सभी तथ्यों की जांच में चोरी के साक्ष्य मिलने के बाद मामला और गरमा गया। इधर ट्रस्ट पर भी एफआईआर का दबाव बढ़ गया। एसआईटी रिपोर्ट मिलने के बाद ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन ने 8 नामजद और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने नामजद आरोपियों रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू, उसके रिश्तेदार मनीष यादव, कैश गणना में लगे अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, रमाशंकर मिश्रा तथा करुणेश पांडेय को गिरफ्तार किया है।

### भूसे के ढेर को खोदकर तलाशी ली

पुलिस ने लवकुश के घर में मौजूद दादी गिरिजा देवी से काफी देर तक पूछताछ कर अहम जानकारियां हासिल कीं। परिवार के लोगों से पूछताछ, घर में तलाशी के अलावा भूसे के ढेर को भी खंगाला। लाठी से भूसे के ढेर को खोदकर यह पता लगाने की कोशिश की कि कहीं चढ़ावे की चोरी का पैसा यहां तो नहीं छिपाया है। इसलिए भूसे की तलाशी ली गई कि लवकुश के यहां से ही कुछ दिनों पहले उपले के ढेर से रुपये बरामद हुए थे।

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

DR. GEET
Dental Surgeon & Implantologist
Ex. Resident Sarvodaya Hospital, Gaur City Greater Noida
आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें और अपनी मुस्कान को स्वस्थ बनाएं!
हमारी सेवाएं :-
दांतों की जांच एवं परामर्श
दांतों की सफाई (स्केलिंग)
कैविटी (कीड़ा) का इलाज एवं फिलिंग
रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
दांत निकालना (Extraction)
कृत्रिम दांत (Dentures)
दांतों की कैप एवं ब्रिज
बच्चों के दांतों का उपचार
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज (Braces)
दांतों की चमक बढ़ाने का उपचार (Teeth Whitening)
समय
प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक
सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
सोमवार : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
!! FREE OPD !!
पता : श्री गोपाल हॉस्पिटल, निकट स्वंयवर बैंकट हॉल, बिजनौर
Mob : +91-8439515803, 01342-263163

आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# वरिष्ठ नागरिकों ने मेधावी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र व पेन देकर सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। बच्चों के बीच वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सदस्य फेस टू फेस वार्ता में यूनिवर्सल चिल्ड्रन एकेडमी किशनपुर आंवला में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जितेंद्र कक्कड़ व लीना सिंघल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। जहां बच्चों को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र व पैन वितरित किए। फर्स्ट, सेकेंड आए बच्चों को एक प्रशस्ति पत्र व एक पेन का सेट दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा म्यूजिक का भी कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जितेंद्र कक्कड़ ने देश भक्ति के गीत व भजनों से समां बांध दिया। अशोक अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता व एडवोकेट विजय कुमार माहेश्वरी ने अपने विचारों से बच्चों को प्रोत्साहित किया। सदस्य कर्मवीर ने साहित्य रचना से बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्रीय मंत्री बीजेपी प्रकोष्ठ की लीना सिंघल ने बच्चों के बीच अपने विचार रखते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कक्कड़ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल स्टाफ की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सदस्यों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र सिंह कक्कड़ एवं संचालन समिति के मंत्री मदन गोपाल टांक ने किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट विजय कुमार माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि सरदार मनमोहन सिंह रहे। कोषाध्यक्ष यशवीर, यशपाल सिंह, सुरेंद्र जेटली, इकबाल अख्तर, सरदार मनमोहन सिंह, कुलबीर कौर, पूनम अग्रवाल, मीनाक्षी टांक आदि मौजूद रहे।



बच्चों को पेन देकर सम्मानित करते वरिष्ठ नागरिक।

# अवकाश के बाद स्कूल खुलने पर बच्चों का किया गया भव्य स्वागत




नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में 1 जुलाई को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुलने पर विद्यार्थियों की वापसी पर स्कूल में तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर बच्चों का स्वागत किया गया। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के सभी बच्चों का स्वागत कर उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं गई। नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं यशिका, बुलबुल, वैष्णवी दर्शित, भार्गव, केशव, चारवी, अभिनव, उज्ज्वल आदि सभी बच्चों के माथे पर रोली व चंदन से तिलक लगाकर पुनः वापसी पर उनकी कक्षा अध्यापिकाएं नीलम, गुनगुन, हेमा आदि ने बच्चों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक कुमार अग्रवाल व समस्त स्टॉफ ने भी उपस्थित रहकर बच्चों के स्वागत में अहम भूमिका निभाते हुए नए सत्र की पढ़ाई के लिए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# अब्दुल हमीद के नाम पर नजीबाबाद में शीघ्र शुरू होगी फौजी चैरिटी डिस्पेंसरी: डॉ. रफ़त



नजीबाबाद (चिंगारी)। परमवीर चक्र विजेता कम्पनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की जयंती के अवसर पर राजा राममोहन राय भवन, नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश फ़ारूकी के पिता डॉ. रफ़त हुसैन को उनके सामाजिक एवं जनसेवा संबंधी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. रफ़त हुसैन ने घोषणा की कि परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की स्मृति में सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के लिए फौजी चैरिटी डिस्पेंसरी शीघ्र ही नजीबाबाद में प्रारंभ की जाएगी, जिससे उन्हें सुलभ, किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। समारोह में वक्ताओं ने परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के अद्वितीय शौर्य, देशभक्ति एवं सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। राजा राममोहन राय भवन में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर वीर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# निर्दोष किसानों की रिहाई तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का तहसील परिसर में धरना बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। संगठन ग्राम आलोपुर उर्फ रामपुर फाजिल के निर्दोष किसानों की रिहाई व उनके खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस कराने की मांग कर रहा है। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता तथा उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करेगा। किसानों ने मांग पूरी न होने पर विशाल महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की। महापंचायत को सफल बनाने के लिए विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाने हेतु तीन टीमों का गठन किया गया है। किसान नेताओं ने क्षेत्र के सभी किसानों से छह जुलाई को तहसील परिसर में होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान एकता का परिचय देने की अपील की। इस मौके पर सुशील कुमार, शहाबुद्दीन राईन, नरेश कुमार, नीरज कुमार, अनमोल सिंह, भूपेंद्र सिंह, तरुण कुमार, मुनेन्द्र सिंह सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

बिजनौर में खुल गया है

ATHER | कम डाउन पेमेंट | कम ब्याज दर | ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# अखिलेश जी ने बनाई दूरदर्शी नेता को पहचान-नईमुल हसन

## पूर्व विधायक के आवास पर हर्षोल्लास से मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक नईमुल हसन के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन ने कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत युवा संघर्षशील और दूरदर्शी नेता के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों, युवाओं और आमजन से जुड़े अनेक विकास कार्य कर जनता का विश्वास जीता था। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा समाज के गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान और पिछड़े वर्ग की आवाज बनकर काम करती रही है। पार्टी की नीतियां हमेशा जनहित और विकास को समर्पित रही हैं।

इस अवसर पर शेरकोट नगरपालिका पूर्व चैयरमेन कम्मू अहमद धामपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष महमूद कसर, नजीबुल हसन, शमशाद एडवोकेट, सभासद युसूफ चौधरी, छोटे अंसारी, महफूज सागर, उत्तिम कश्यप, सुनील कश्यप, कालिक, एडवोकेट चौधरी नुसरत, वसीम कुरैशी, मुस्तकीम अहमद, राशिद अल्वी, फहीम अहमद, महबूब चौधरी, आफाक ठेकेदार, बाबू अंसारी, लडडन लारा, डा. कफील चौधरी, इस्लामुद्दीन कस्सार, खालिद चौधरी, इरकान जैदी, मोहम्मद मसूद ट्रेलर, डा. रहीस चौधरी, मुस्तकीम अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, उबैद अख्तर आदि मौजूद रहे।



केक काटते हुए नईमुल हसन व अन्य सपा नेता

## रोटरी क्लब कोटद्वार ने डॉक्टर्स-डे एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स-डे मनाया

### 6 डॉक्टर्स व 4 चार्टर्ड एकाउंटेंट सम्मानित किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान में डॉक्टर्स दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर 6 डॉक्टर्स व 4 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। रोटरी अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा गुप्ता व सचिव वीना रावत के नेतृत्व में रोटरी टीम ने सभी सम्मानित अतिथिओ को उनके क्लीनिक व कार्यालयों में जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2026-27 का प्रथम दिवस सेवा, समर्पण और उत्कृष्टता को समर्पित रहा। उन्होने कहा कि डॉक्टर्स अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से समाज को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते है। इस अवसर पर छह प्रतिष्ठित चिकित्सकों बेस चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय सिंह, डॉ. विजय मैठाणी, डॉ. एनपी पोखरियाल, डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. दिनेश कुमार सिंह एवं डॉ. मनोज अग्रवाल तथा चार विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स- रो. अवधेश अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, सारांश बंसल एवं रूचिन सिंघल को समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान एवं समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों को बांस का पौधा भेंट किया, जो विकास, दृढ़ता एवं समृद्धि का प्रतीक है। साथ ही उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक रो. डी.पी. सिंह एवं रो. विजय कुमार माहेश्वरी की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर अध्यक्ष रो. प्रतिभा गुप्ता, सचिव रो. वीना रावत, कोषाध्यक्ष रो. धनेश अग्रवाल, संयोजक रो. डीपी सिंह, रो. विजय कुमार माहेश्वरी, रो. ऋषि ऐरन, रो. विजय कुमार, रो. अनीत चावला, रो. गोपाल बंसल, रो. मनीष अग्रवाल, रो. अशोक अग्रवाल, रो. विपिन बक्शी तथा रो. अनिल भोला इत्यादि सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## 169 पुलिसकर्मियों का 112 में तबादला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एसपी अभिषेक झा ने जनपद में यूपी.112 परियोजना के संचालन को लेकर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के आदेश जारी किये हैं। जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णय के क्रम में जनपदीय पुलिस से 169 पुलिसकर्मियों को यूपी112 परियोजना में स्थानांतरित किया है। पुलिस विभाग के अनुसार यूपी112 परियोजना में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके कर्मचारियों को परियोजना से स्थानांतरित किए जाने के बाद रिक्तियां बन गई थी। स्थानांतरण आदेश जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर जारी किये गये। जारी आदेश के अनुसार स्थानांतरित किए गए पुलिसकर्मियों में 62 हेड कांस्टेबल, 92 कांस्टेबल, तीन महिला हेड कांस्टेबल तथा 11 महिला कांस्टेबल शामिल हैं। सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये गये हैं कि वे निर्धारित समयावधि में यूपी112 परियोजना में कार्यभार ग्रहण करें। एसपी अभिषेक झा ने कहा कि यह स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता और यूपी112 की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से किये गये हैं। इससे आपातकालीन पुलिस सेवा की कार्यक्षमता और बेहतर होगी तथा परियोजना में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध रहेगा।



**भली लगे या बुरी...**

## तेल, हथियार व डॉलर का खेल-1

यह कितना शर्मनाक और दुखद है कि गाजा में करीब एक लाख लोगों, जिनमें आधे से अधिक मासूम बच्चे थे, की मौतों और ईरान पर इजरायल-अमरीका के हमलों की वजह तेल, हथियार और उन्हें खरीदने में काम आने वाली मुद्रा डालर है। 'तेल, हथियार और डालर' का गठजोड़ पूरे पश्चिम एशिया को प्रभावित कर रहा है। दरअसल, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष केवल दो समुदायों के बीच की पारंपरिक लड़ाई नहीं है, बल्कि यह मध्य-पूर्व की भू-राजनीति और वैश्विक शक्तियों के हस्तक्षेप का एक परिणाम है। क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा और शिया-सुन्नी मतभेदों में इस क्षेत्र को निरंतर अस्थिर रखा है। इजराइल और अमेरिका ने अपने वर्चस्ववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस क्षेत्रीय फूट का भरपूर लाभ उठाया है।

1948 से 1973 तक अरब देश फिलिस्तीन के समर्थन में अपेक्षाकृत एकजुट थे। उस दौर में 'तेल' उनका सबसे प्रभावी सामरिक हथियार था। 1973 के युद्ध के दौरान पेट्रोल निर्यातक अरब देशों ( ओपेक ) ने इजरायल समर्थक पश्चिमी देशों पर तेल प्रतिबंध लगाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। इससे स्पष्ट हो गया कि यह संघर्ष क्षेत्रीय होते हुए भी वैश्विक प्रभाव रखता है। हालांकि व्यक्तिगत राष्ट्रीय हितों के कारण यह साझा रणनीति कमजोर पड़ती गई और अरब देशों की सामूहिक शक्ति अस्थायी सिद्ध हुई। 1979 की ईरानी क्रांति ने खाड़ी की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। ईरान के बढ़ते प्रभाव से आशंकित अरब देशों ने अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका का सहारा लिया। अमेरिका ने इस ईरान-भय का लाभ उठाकर खाड़ी क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने स्थापित किए और तेल संसाधनों पर परोक्ष नियंत्रण मजबूत किया। यह आधुनिक साम्राज्यवादी विस्तारवाद का एक ज्वलंत उदाहरण है। मध्य-पूर्व की अस्थिरता दुनिया के प्रमुख हथियार निर्माता देशों, विशेषकर अमेरिका, ब्रिटेन और अब इजरायल के लिए एक बड़े आर्थिक अवसर में बदल गई है। ...जारी

# मुस्लिम कांग्रेस की तरफ आने लगे
# क्या दलित-पिछड़े भी आयेंगे?



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

सपा और कांग्रेस में यूपी में मुस्लिम वोट को लेकर बयानबाजी तेज़ होती जा रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कांग्रेस की कार्यशैली और क्षेत्रीय दलों के प्रति उदारता न दिखाने पर नाराज़गी जताई है, तो उधर कांग्रेस के यूपी प्रभारी राजेंद्रपाल गौतम ने सपा से कांग्रेस को बराबर सम्मान और सीट शेयर करने की दोटूक मांग की है। असम में बदरुद्दीन अजमल की एआई यूडीएफ से लगभग आधा मुस्लिम वोट पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तरफ शिफ़्ट होने से कांग्रेस का मनोबल बढ़ा हुआ है। एआई यूडीएफ का 2021 का वोट 10 प्रतिशत से अधिक था, जो इस साल घटकर 5.46 प्रतिशत रह गया, उसको कुल दो सीट मिली। कांग्रेस को वहां 30 प्रतिशत से अधिक वोट मिला और उसने 19 सीट जीतीं, जिनमें से 18 विधायक मुस्लिम हैं। दिल्ली में आपका मुस्लिम वोट 10.8 प्रतिशत घटा है और इसका बड़ा हिस्सा कांग्रेस के साथ गया है। सीएसडीएस लोकनीति और मीडिया विश्लेषण से पता लगता है कि कांग्रेस को उसके प्रभाव वाले क्षेत्रों में मुस्लिम 80 प्रतिशत तक, दलित 60 प्रतिशत तक, आदिवासी 50 प्रतिशत तक और पिछड़े 30 से 40 प्रतिशत तक कुछ प्रदेशों तक सीमित हैं। जबकि उच्च जातियों में केवल उदार एवं सेक्युलर परिवार के गिने-चुने लोग ही कांग्रेस को वोट करते हैं। इनका अधिकांश वोट बीजेपी या उसके घटकों को जाता है। कांग्रेस उच्च सम्पन्न और मध्य वर्ग में काफ़ी कमज़ोर हो चुकी है। कांग्रेस का असर हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, केरला, उत्तराखंड, पंजाब में मुख्य दल के रूप में मौजूद है। इतिहास गवाह है कुछ राज्यों में कांग्रेस एक बार चुनाव हारी, तो फिर कभी सत्ता में नहीं लौटी। मिसाल के तौर पर 1967 में तमिलनाडु, 1977 में बंगाल, 1989 में यूपी, 1990 के दशक में बिहार और गुजरात 1995 में, महाराष्ट्र 2013 में, दिल्ली 2016 में, असम 2017 में, उत्तराखंड विधानसभा चुनाव हारने के बाद वह इन राज्यों में आज तक सत्ता से बाहर है।



ऐसा नहीं है, मुस्लिम कांग्रेस से बहुत खुश है, बल्कि वह यह समझ गया है कि क्षेत्रीय और खास तौर पर मुस्लिम सांप्रदायिक पार्टियां बीजेपी का मुकाबला नहीं कर सकतीं। इस बदलाव की शुरुआत दिल्ली में आपको छोड़कर कांग्रेस की तरफ गए मुस्लिम वोट के बड़े हिस्से से हो चुकी है। चर्चा है जिस तरह से आप के राज्यसभा सदस्य बीजेपी में गए हैं, इससे नाराज़ मुस्लिम वोट आगे चुनाव में आप को और अधिक छोड़कर कांग्रेस के साथ जुड़ेगा। इतना ही नहीं चर्चा यह भी है कि बंगाल में टीएमसी से छिटक कर जो 60 विधायक और 20 सांसद एनडीए यानी बीजेपी के समर्थन में गये हैं, उससे आगे मुसलमान बंगाल में भी ममता को छोड़कर राहुल की कांग्रेस या कुछ हिस्सा कम्युनिस्टों के साथ जुड़ सकता है। यही वजह है कि यूपी में सपा के सांसदों को तोड़ने की चर्चा फिलहाल ठंडी पड़ गई है। संघ इस राजनीतिक समीकरण को समझकर आशंकित है कि अगर अधिकांश मुस्लिम वोट से जीते सपा एमपी तोड़कर बीजेपी या एनडीए में लाए गए तो मुस्लिम आगे से सपा पर भरोसा न कर बड़ी संख्या में कांग्रेस या आंशिक रूप से आज़ाद समाज पार्टी जैसे नये जन्मे दलों में दलित मुस्लिम गठजोड़ बनाने को जा सकते हैं। बीजेपी के लिए यह समीकरण सबसे घातक माना जाता है। दरअसल मुस्लिम कांग्रेस, सपा, बसपा या आरजेडी जैसे किसी दल को जिताने के लिए कभी वोट नहीं देता है। वह तो हर उस सेक्युलर पार्टी को वोट देता रहा है जो भी बीजेपी को गारंटी से हरा सकता हो। यही वजह है उसको पार्टी बदलने में तनिक भी दिक्कत नहीं होती। मुस्लिम अब पूरे देश में महसूस कर रहा है कि क्षेत्रीय दल बीजेपी को नहीं हरा सकते। उल्टा वे बीजेपी के दबाव में काम करते हैं। बीजेपी को बैकडोर से सपोर्ट तक कर देते हैं और सेक्युलर कांग्रेस का विरोध करते हैं। हद तो यह है कि जब लालच और दबाव, ब्लैकमेल की सीमा तक पहुंच जाता है तो इन दलों के जनप्रतिनिधि टूटकर उसी बीजेपी में या उसके गठबंधन में चले जाते हैं, जिसको हराने को मुस्लिम समाज ने इनको वोट दिया था। मुस्लिम जानते हैं कि अकेले उनके वोट से कांग्रेस वापस सत्ता में नहीं आ सकती, लेकिन वे इसकी पहल यह सोचकर कर रहे हैं कि आज नहीं तो कल दलित और पिछड़े भी जब बीजेपी से नाराज़ होंगे तो कांग्रेस में आ सकते हैं।

1989 से पहले का रिकॉर्ड देखें तो कांग्रेस का एक वोट बैंक हुआ करता था, जिनमें ब्राह्मण, मुस्लिम और दलित समाज मुख्य रूप से शामिल थे। इस समीकरण के बल पर कांग्रेस ने देश और राज्यों में कई दशक तक एकक्षत्र राज किया। विडंबना यह रही कि फिर भी कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को स्थायी रूप से अपना बनाए रखने के लिए कुछ ख़ास नहीं किया। उल्टा हुआ यह कि सत्ता का अधिकांश लाभ पहले से ही सम्पन्न, सक्षम और संसाधनों पर कब्ज़ा जमाए बैठा उच्च वर्ग यानी स्वर्ण जातियां विशेष रूप से ब्राह्मण लेते रहे। कांग्रेस ने दलितों, मुसलमानों को अपने साथ बनाए रखने के लिए एक नकारात्मक काम किया। उसने संघ को फलने-फूलने दिया। बीजेपी को सांप्रदायिकता की राजनीति करने दी। उसके राज में खूब दंगे हुए, हजारों लोग मारे गए, जिनमें मुस्लिम अधिक होते थे। उनके कारोबार तबाह कर दिए गए। घर जलाए गए। महिलाओं से बलात्कार हुए। महीनों कर्फ्यू लगा रहता था, फिर दिखावे के लिए जांच आयोग बनते थे। उनकी कई साल बाद रिपोर्ट आती थी, लेकिन किसी को सज़ा नहीं मिलती थी। कांग्रेस जानती थी दंगे होते नहीं, सुनियोजित तरीके से कराए जाते हैं। एक तरह से कांग्रेस आज की टीएमसी की तरह मुसलमानों, दलितों को बीजेपी से डराकर वोट लेने की राजनीति कर रही थी। दलितों को वह बीजेपी के सत्ता में आने पर आरक्षण और संविधान खत्म होने का भय दिखाती थी। जब इससे भी काम नहीं चला तो कांग्रेस ने शाहबानो मामले में मुस्लिम कट्टरपंथी वर्ग को खुश करने के बदले हिंदूवादी लोगों को भी खुश करने के लिए सॉफ्ट हिंदुत्व अपनाना शुरू कर दिया। इसका एक नमूना विवादित बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाना था। इससे सांप्रदायिक जिन्न बोतल से बाहर आ गया और धीरे-धीरे कांग्रेस को पूरी तरह खा गया। जहां तक पिछड़ों का सवाल है, उनकी आबादी 1931 की जातीय गणना के अनुसार 54 प्रतिशत मानी जाती है, लेकिन कांग्रेस से अधिकांश पिछड़े दूरी बनाए रहे, जो विकल्प मिलने पर बीजेपी के पाले में चले गए। इतिहास बताता है नेहरू सरकार ने पिछड़ों के आरक्षण पर 1953 में काका कालेलकर आयोग बनाया था। आयोग ने 2399 पिछड़ी जातियों को आरक्षण की सफारिश की लेकिन नेहरू ने जाति के आधार पर रिजर्वेशन नहीं देने की नीति के कारण इसको लागू नहीं किया। इसके बाद 1979 में जनता पार्टी की सरकार ने पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मंडल आयोग बनाया। इंदिरा सरकार को 1980 में 3743 पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की इस आयोग ने सिफारिश की, लेकिन कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। दस साल बाद वीपी सिंह की जनमोर्चा सरकार ने इन सिफारिशों को लागू किया। इससे अधिकांश पिछड़ी जातियां कांग्रेस से विमुख हो गईं। क्षेत्रीय दल भी, क्योंकि अलग-अलग प्रदेशों में एक दो दबंग पिछड़ी जातियों का नेतृत्व अधिक कर रहे थे, ऐसे में अधिकांश पिछड़े बीजेपी के साथ हिंदुत्व के अभियान में शामिल हो गए। पिछले दिनों राहुल ने रायबरेली में आज़ादी की दलित योद्धा वीरा पासी की विशाल मूर्ति का अनावरण कर दलितों को सांकेतिक सम्मान दिया है। अब राहुल गांधी ने इस भूल को सुधारने के लिए जिस तरह संविधान दलित, पिछड़ों के आरक्षण, जातीय जनगणना और संवैधानिक समानता की मांग उठानी शुरू की है, उससे आशा है कि दलित, पिछड़े भी बीजेपी से निराश हुए तो कांग्रेस का रुख़ कर सकते हैं।

# योगी सरकार में सड़क पर भटक रही गौ माता

# कूड़े के ढेर में ढूंढ रही निवाला

–मनोज कात्यायन

## धामपुर नगर में गौशाला निर्माण वर्षों से अधर में..

**धामपुर ( चिंगारी )। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गौवंश की बदहाल स्थिति सरकारी दावों की हकीकत बयां कर रही है।**

**भूख और प्यास से परेशान गौवंश शहर की सड़कों पर भटकते हुए कूड़े के ढेरों में भोजन तलाशने को मजबूर हैं। चारे और संरक्षण के अभाव में कई गौवंश आक्रामक भी हो रहे हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के सामने दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।**

नहटौर मार्ग स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय पुलिस चौकी प्रयास चौक और थोक सब्जी मंडी के आसपास गुरुवार को सड़क किनारे पड़े कूड़े के ढेरों पर एक दर्जन से अधिक गौवंश भोजन खोजते दिखाई दिए, इनमें एक गौवंश की हालत बेहद चिंताजनक है। स्थानीय नागरिकों दिनेश राय, महेश कुमार, मनोज, मौ. अकबर, विपिन, आदर्श चौहान का कहना है कि यदि समय रहते उसका उपचार नहीं कराया गया तो उसकी जान पर बन सकती है।

धामपुर निवासी गौतम, दिनेश और राजू ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। लंबे समय से आवारा गौवंश शहर के अलग-अलग हिस्सों में प्लास्टिक और सड़ा-गला कचरा खाने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उधर, धामपुर में स्थायीन गौशाला निर्माण की मांग वर्षों से उठ रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। सामाजिक संगठनों और



गौरक्षकों संयम जैन, गौतम सनातनी आदि का कहना है कि यदि समय रहते गौशाला का निर्माण करा दिया जाता तो गौवंश को सड़कों पर भटकने और कूड़े में भोजन तलाशने की नौबत नहीं आती।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो एक ओर गौवंश की मौतों का सिलसिला बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता जाएगा। गौरक्षकों ने प्रशासन से बीमार गौवंश का तत्काल उपचार कराने, चारे और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लंबित गौशाला निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग इस मुद्दे पर केवल आश्वासन देता है या धरातल पर भी कोई ठोस पहल करता है।

### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का कहना है..

इस संबंध में अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित क्षेत्र नगर पालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा कि ग्राम रसूलपुर इम्मा में नगर पालिका के लिए करीब पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी थी। ब्लॉक प्रशासन की ओर से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) भी जारी कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका ने गौशाला निर्माण में रुचि नहीं दिखाई और कार्य आगे नहीं बढ़ सका। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब भूमि और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं, तब गौशाला निर्माण आखिर क्यों शुरू नहीं किया गया।

# भाजपा के पास निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पूंजी- सुरेश राणा

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगीना में हुआ जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने ओजस्वी संबोधन से पार्टी कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरने का काम किया। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकारों की उपलब्धियों को विस्तार से गिनवाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पूर्व की सरकारों के दौर में रोजाना समाचार पत्रों की मुख्य हैडलाइन में घोटालों की ख़बरें छपी दिखाई देती थीं, जबकि डबल इंजन की भाजपा की सरकार के इस दौर में भारत के दुनिया भर में लहरा रहे परचम की ख़बर छपती हुईं दिख रही हैं।

बुधवार की दोपहर धामपुर मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल के सभागार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न होते तो आज पश्चिम बंगाल देश का हिस्सा नहीं होता। उन्होंने कहा कि बहुत दिन से मन में यह टीस थी कि पश्चिम बंगाल में कब भगवा लहराएगा, लेकिन




सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री सुरेश राणा।



पूर्व मंत्री सुरेश राणा को तलवार भेंट कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में यह सपना भी पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों को पहले अपनी पार्टी व अपने परिवार की याद आती है,जबकि भाजपा के लिए पार्टी बाद में देश पहले है। उन्होंने कहा यही वजह है कि जब कभी भी भाजपा का कोई छोटे से छोटा कार्यकर्ता या बड़ा नेता भी अपना संबोधन शुरु करता है तो उनके संबोधन की शुरुआत भारत माता के उद्घोष से ही होती है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि किसी भी अन्य पार्टी पर भाजपा जैसे ईमानदार, मेहनती व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पूंजी नहीं है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार से पूर्व सपा के कार्यकाल में प्रदेश का बजट मात्र ढाई लाख करोड़ रुपये था, जो अब आठ लाख करोड़ रुपये हो गया है। उनका कहना है कि सपा के राज में रात भर बिजली आ गई और चली गई की गूंज सुनाई देती थी, जबकि अब बिजली जाने का पता ही नहीं चलता है। उन्होंने अयोध्या में बने भगवान श्री राम मंदिर के मुद्दे पर भी पार्टी व सरकार की खूब पीठ थपथपाई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, नहटौर विधायक ओम कुमार, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा नेता सीपी सिंह, भाजपा नेता मौसम चौधरी, पूर्व विधायक इंद्रदेव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसौदिया, जिला महामंत्री दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, तपराज सिंह, राकेश चौधरी, अंकित कुमार, उज्जवल चौहान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अब्दुल कय्यूम राईन, नगीना मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सेना, लवी मित्तल, कार्यक्रम संयोजक नीरज विश्नोई, नामित सभासद सोहन सैनी, डॉक्टर भूपेश चौहान, रोहित रवि, सिद्धू चौधरी, गर्वित चौधरी आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने विकास कार्यों और आपदा राहत के लिए दी 8.61 करोड़ रुपये की मंजूरी

## 123 परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 3.69 करोड़ की सहायता



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विकास और आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए कुल 8.61 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां प्रदान की हैं। सरकार की ओर से यह कदम विकास कार्यों को गति देने और आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र देहरादून कैंट के अंतर्गत बंच केबिल से वंचित क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे बंच केबिल कार्य हेतु 4.92 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के पूरा होने से संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी में हालिया आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए भी बड़ा निर्णय लिया है। तहसील भटवाड़ी के अंतर्गत धराली और हर्षिल सहित तहसील डुंडा, चिन्यालीसौड़, बड़कोट तथा मोरी क्षेत्र में आपदा के कारण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए 123 आवासीय भवनों के प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार ने प्रत्येक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त भवन के लिए 3 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस मद में कुल 3.69 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए शासनादेश भी जारी कर दिया गया है, जिससे प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से एक ओर जहां देहरादून कैंट क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित परिवारों को राहत और पुनर्वास में सहायता प्राप्त होगी।

# मुस्लिम समाज का हित, भाजपा सरकार में ही सुरक्षित : शमीम



शमीम अहमद

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता शमीम अहमद फल आढती ने कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि योगी जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के अंदर विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश में आज राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है, जिससे जनता को सफर करने में बड़ी राहत महसूस हो रही है इसके अलावा प्रदेश में शिक्षा, पुलिस और सिविल सर्विस में युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक दंगे होते थे परंतु भाजपा सरकार में सांप्रदायिक दंगों पर नियंत्रण किया गया है जिससे मुस्लिम समाज राहत महसूस कर रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज के अनेक लोगों को छत नसीब हुई है। इसके अलावा स्ट्रीट वेंडर के लिए चलाई गई योजना से मेहनत मजदूरी करने वालों को लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए जहां सरकार को प्रस्ताव भेजे हैं वहीं धामपुर में रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड, राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण, सिवहारा में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का प्रारंभ कराकर क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज का हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है।

# गुरुद्वारा में सामूहिक गुरवाणी कीर्तन का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित सामूहिक गुरबाणी कीर्तन कार्यक्रम में गुरवाणी प्रचारक ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने बताया कि प्रत्येक इंसान को किए गए कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। ऐसा प्रकृति का नियम भी है। उन्होंने 84 लाख योनियों में भटकने के बाद प्राप्त होने वाले मानव जीवन में जहां तक हो सके दूसरों के प्रति भलाई की भावना अपने हृदय में रखते हुए शुभ कर्मों को जीवन में प्राथमिकता दिलाए जाने का आवाहन भी किया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में नगर के वरिष्ठ पत्रकार सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक के संरक्षण तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संगठन मंत्री सरदार मंजीत सिंह सलूजा साधक, स्त्री सत्संग सभा की सदस्य बीवी गुरविंदर कौर सलूजा, दिलीप कौर और सलूजा, सरदार हर्षदीप सिंह सलूजा सिदक, सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ रहिरास साहिब जी के पाठ से किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, पूजा रानी सलूजा, सरदार कमलजीत सिंह सलूजा, तेजेंद्र कौर सलूजा, अमनप्रीत कौर सलूजा, सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा, प्रिंस सलूजा, अमरजीत कौर सलूजा, सरदार दमनप्रीत सिंह सलूजा, हरलीन कौर सलूजा, सरदार दिलवंश सिंह सलूजा का योगदान रहा।

# गतिविधि आधारित प्रशिक्षण के साथ शिक्षकों का 'इन हाउस' कार्यक्रम समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित 25 घंटे का इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन हो गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आनंददायक एवं गतिविधि आधारित प्रशिक्षण अध्यापकों के मानसिक विकास में वृद्धि करता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता प्रशांत तिवारी ने शिक्षकों को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं उसके महत्व से अवगत कराया। तत्पश्चात संदर्भदाता शिक्षिका प्रतिभा ने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं शिक्षक आशीष ने भावातीत ध्यान के विषय में जानकारी देते हुए उसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों से सभी को परिचित कराया। विद्यालय प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं ने संपूर्ण प्रशिक्षण का पुनरावलोकन किया। साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जानकारी प्रदान की। अंत में समापन समारोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अतिक्रमण के कारण लगता है सर्वाधिक जाम

### महापौर की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ऋषिकेश के महापौर के कार्यालय में नगर निगम क्षेत्रांतर्गत होने वाले स्थायी, अस्थायी अतिक्रमण को हटाने, शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर द्वारा की गई। बैठक में नगर निगम के अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग के प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल, विभिन्न स्थानीय ऑटो, विक्रम और परिवहन संघों के पदाधिकारियों से वार्ता की गई जिसमें नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गो, चौराहों और फुटपाथों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के कारण उत्पन्न होने वाली भारी जाम की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोई भी दुकानदार सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करेगा और यदि ऐसा पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह भी तय किया गया कि यात्रा बस अड्डे पर बाहर से आने वाली गाड़ियां अब बस अड्डे पर अनधिकृत रूप से पार्किंग नहीं कर सकेंगी। रेहड़ी-ठेली व्यवसायियों के लिए भी नियम निर्धारित किए गए हैं, जिसके अनुसार समस्त ठेली वाले केवल प्रातः 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही निर्धारित मार्गो पर अपनी ठेलियाँ संचालित कर सकेंगे समय सीमा की समाप्ति के उपरांत उन्हें अपनी ठेलियों को मुख्य मार्गो से हटाकर अपने घर ले जाना होगा। नगर को सुंदर और सुगम बनाने के उद्देश्य से पूरे शहर में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह चिन्हित किया जाएगा और तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाएगी बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम, उपजिलाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम, परिवहन विभाग के प्रतिनिधि, कोतवाली प्रभारी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष, सचिव, विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म और गर्भपात कराने के प्रयास पर महिला आयोग गंभीर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जनपद हरिद्वार के अंतर्गत एक 14 वर्षीय किशोरी को डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने, उसे लगभग 5 माह की गर्भवती करने तथा तत्पश्चात रुड़की स्थित एक निजी नर्सिंग होम में अवैध गर्भपात कराए जाने के प्रयास का एक गंभीर और संवेदनशील मामला प्रकाश में आया है। इस पूरे प्रकरण में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने तत्काल कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी हरिद्वार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसपी देहात और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को त्वरित विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार पीड़ित पक्ष द्वारा थाना सिडकुल (रोशनाबाद) में दी गई तहरीर के अनुसार, 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के पेट में अचानक तेज दर्द होने पर परिजन उसे बहादराबाद सेंटर ले गए, जहां अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में उसके 22 सप्ताह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पीड़िता द्वारा परिजनों को दी गई जानकारी के अनुसार, पूर्व से विवाहित और एक बच्चे के पिता, आरोपी समद पुत्र अशरद अली (निवासी-रावली महदूद) ने परिजनों की अनुपस्थिति में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मामले में एसपी देहात हरिद्वार

### आयोग अध्यक्ष ने एसपी देहात को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये

को फोन पर निर्देश दिए कि इस कुकृत्य को अंजाम देने वाले आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत कड़ी धाराओं में नियमानुसार कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाए।

वहीं प्रकरण के दूसरे गंभीर पहलू के अनुसार, उक्त अवैध गर्भावस्था को छुपाने के उद्देश्य से रुड़की (रामपुर चुंगी) स्थित एक निजी नर्सिंग होम में पीड़िता का अवैध गर्भपात कराने का प्रयास भी सामने आया है। इस संबंध में आयोग की अध्यक्ष ने जिलाधिकारी हरिद्वार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि उक्त निजी नर्सिंग होम की भूमिका की जांच हेतु तत्काल एक 'जनपद स्तरीय संयुक्त जांच समिति' का गठन किया जाए। अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस पूरे मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच कराई जाए, और यदि जांच में उक्त निजी क्लिनिक या किसी भी चिकित्साकर्मी के स्तर पर कोई भी अवैध अथवा गैर-कानूनी गतिविधि या तथ्य पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध तत्काल नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कृत कार्रवाई की आख्या आयोग को भी प्रेषित की जाए। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में हमारी बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और उनके जीवन से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। एक 14 वर्षीय अबोध बालिका को डरा-धमकाकर उसका शारीरिक व मानसिक शोषण करना और फिर कानून को ताक पर रखकर अवैध गर्भपात का प्रयास कराना अत्यंत जघन्य अपराध है। इस प्रकार का अमानवीय कुकृत्य करने वाले दुष्कर्म के अपराधी और इस अवैध कृत्य में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी दोषी को कानूनन कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाये।



नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा का स्वागत करते हुए मौसम चौधरी, भूपेन्द्र चौहान बॉबी, सीपी सिंह व हरजिन्दर कौर।

# सुरेश राणा आये बिजनौर, मौसम चौधरी की अुनवाई में स्वागत हुआ पुरजोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा के प्रथम बार बिजनौर आगमन पर कन्हा फार्म्स में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा का फूलमालाओं और जोरदार नारों के बीच स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत ने किया। मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी', हल्दौर के ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, उदयपाल तथा गन्ना समिति के चेयरमैन राजेंद्र सिंह कालू सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडल अध्यक्षों द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान मंडावर मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, मोहम्मदपुर देवमल मंडल अध्यक्ष दीपक, आदमपुर मंडल अध्यक्ष पुष्पराज कमल, झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं समिति चेयरमैन राजीव राजपूत तथा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम ने प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत किया। समारोह में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सोमदेव, सहकारी समिति के चेयरमैन कैलाशवीर राणा, शेषपाल, कमल लता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ललित, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी तथा पूर्व नगर पालिका चेयरमैन डॉ. नवनीत गर्ग सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और नारों के साथ सुरेश राणा का स्वागत करते हुए संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन किया। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता सी.पी. सिंह के आवास पर भी सुरेश राणा का भव्य स्वागत किया गया।




श्री सुरेश राणा को गदा भेंट करते हुए मौसम चौधरी व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र बॉबी आदि।

# 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्स की उपेक्षा पर रोष, आंदोलन की चेतावनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा बिजनौर की मासिक बैठक संगठन के, पुराना महिला अस्पताल में आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवध्यान सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गठित 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्स के साथ भेदभाव किए जाने की आशंका प्रबल है। उन्होंने बताया कि 22 जून 2026 को 8वें वेतन आयोग के नामित अधिकारियों के लखनऊ दौरे के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से कोई वार्ता नहीं की गई। इससे पेंशनर्स में नाराजगी है और प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

जिला संरक्षक बलबीर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा ठीक नहीं लगती। उनका आरोप था कि सरकार 8वें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को नहीं देना चाहती, इसलिए सभी को संगठित होकर आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। जिला मंत्री योगेश्वर ने कहा कि शीघ्र ही प्रांतीय नेतृत्व से आंदोलन का कार्यक्रम प्राप्त होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह ने कहा कि यदि पेंशनर्स और राज्य कर्मचारियों को आयोग के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया गया तो आंदोलन ही एकमात्र विकल्प होगा। बैठक को ओमवीर सिंह, रामपाल सिंह अहलावत, महेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, शमशेर सिंह राठी, ब्रजवीर सिंह और अमन सिंह सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नरपाल सिंह मलिक एवं कमर अब्बास को संगठन की सदस्यता दिलाकर उनका स्वागत किया गया।



बलवीर सिंह के 80वें जन्मदिन पर केक काटते हुए एसोसिएशन के सदस्य

## खुद को थाने में आग लगाने वाली युवती का रात में ही किया अंतिम संस्कार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली परिसर में आत्मदाह करने वाली दुष्कर्म पीड़िता का मंगलवार देर रात अंतिम संस्कार कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद दिल्ली से शव देर रात उसके पैतृक गांव पहुंचा। इसके बाद गंगा बैराज स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पीड़िता के छोटे भाई कृष्ण ने मुखाग्नि दी। सोमवार को नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार देर रात करीब दस बजे शव एंबुलेंस से गांव लाया गया। शव पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार एकत्र हो गए। माहौल गमगीन रहा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। संवेदनशील मामले को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। गांव से लेकर गंगा बैराज स्थित श्मशान घाट तक सुरक्षा के इंतजाम रहे। अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। गांव में शांति बनी हुई है। गौरतलब है कि 21 जून की रात युवती ने शहर कोतवाली परिसर में अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसी युवती को पहले जिला अस्पतालए फिर मेरठ और बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# मदरसा शिक्षा की समाप्ति की असली कहानी



-मनु गौड़
सदस्य, रणनीतिक सलाहकार
समिति, उत्तराखण्ड

**जहां हर वर्ग की महिला को समान अधिकार दिलाने के उद्देश्य से 27 जनवरी, 2025 को उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना, वहीं उत्तराखण्ड सरकार ने शरियत पर आधारित व्यक्तिगत नागरिक मामलों को समाप्त कर बाल-विवाह, बहु-विवाह, तीन तलाक, हलाला, इद्दत जैसे महिला के सम्मान विरोधी कानूनों को समाप्त कर प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की। समान नागरिक संहिता हेतु गठित विशेषज्ञ समिति का सदस्य के रूप में इस ऐतिहासिक कार्य के द्वारा महिलाओं के समान अधिकारों हेतु कानून बनाकर विभिन्न समुदायों में फैली असमानता को दूर करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।**

समान नागरिक संहिता का कार्य पूर्ण होने पर 05 जून, 2025 को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी अध्यक्षता में एक रणनीतिक सलाहकार समिति का गठन किया। समिति की पहली बैठक में ही राज्य हित की अनेकों नीतियों पर चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख था प्रदेश की भावी पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना। उसके लिए मेरे द्वारा दिये गये सुझाव को समिति के द्वारा वरयीता पर रखा गया कि सबसे पहले उस वर्ग के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिए जहां सबसे अधिक शिक्षा का अभाव है और उन्हें गुमराह करके मदरसों में दीनी तालीम के नाम पर गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा से वंचित रखा जाता है। इसकी चर्चा कई बार उत्तराखण्ड के आई.पी.एस. अधिकारी अभिनव कुमार से बी.एस.एफ. जम्मू-कश्मीर में उनकी नियुक्ति के दौरान आये अनुभव के आधार पर भी हुई, कि बिना अल्पसंख्यक शिक्षा में सुधार लाये देश में समरसता स्थापित करना बहुत ही कठिन है।

समिति की सहमति के पश्चात समिति के सदस्य सचिव शत्रुघ्न सिंह और मैंने उत्तराखण्ड में जारी उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2016 एवं उत्तराखण्ड गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता विनियम, 2019 का अध्ययन प्रारम्भ किया और साथ ही उत्तराखण्ड राज्य में चल रहे मदरसों की स्थिति के बारे में उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमूम कासमी एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते से जानकारी ली। मदरसों की स्थिति के अध्ययन में पाया कि अधिकांश मदरसे उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मान्यता के बिना भी राज्य में संचालित हो रहे हैं और मान्यता प्राप्त मदरसों में भी शिक्षा की गुणवत्ता नाम मात्र के बराबर ही है। अधिकतर मदरसों में पढ़ा रहे शिक्षक शिक्षा हेतु न्यूनतम योग्यता को भी पूर्ण नहीं करते थे। यही कारण था कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में से कोई भी छात्र-छात्रा आज तक न तो आई.ए.एस.और न आइ.पी.एस. बन सका और न ही डॉक्टर, इंजीनियर। अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ कि कुल विद्यालय जाने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राओं में से मात्र लगभग 4 प्रतिशत छात्र-छात्रायें ही मदरसों में पढ़ने के लिए जाते हैं। मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन और उसमें व्याप्त कट्टरवाद का कारण इससे स्पष्ट हो जाता है कि मदरसों में शिक्षा गृहण करने वाले मुस्लिम समाज के मात्र 4 प्रतिशत बच्चे ही भविष्य में मुस्लिम समाज के रहनुमा बनते हैं। इसीलिए हमारे लिए यह सोचने का विषय बन गया कि हमें मुस्लिम समाज से भविष्य में कैसे नागरिक चाहियें आई.ए.एस., आइ.पी.एस., डॉक्टर, इंजीनियर या कट्टरवाद और नफरत फैलाने वाले मुल्ला मौलवी इसलिए अब यह आवश्यक था कि अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय संविधान में उल्लिखित विशेषाधिकारों के दायरे में रहते हुए मदरसों में शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार किया जाये।

यूं तो भारत का संविधान अपने अनुच्छेद 29 और 30 के अन्तर्गत धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों को अपनी पहचान, संस्कृति एवं शैक्षणिक स्वायत्तता के संरक्षण हेतु विशेष अधिकार प्रदान करता है परन्तु ऐसे कौन से समुदाय हैं जोकि अल्पसंख्यक की श्रेणी में आयेंगे, इस पर मौन रह जाता है। इसीलिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के द्वारा मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध एवं पारसी समुदायों को 1993 में अल्पसंख्यक की श्रेणी में लाया गया और 2014 में संशोधन करके इसमें जैन समुदाय को भी सम्मिलित कर लिया गया। अतः 2014 के बाद से संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के द्वारा प्रदत्त विशेष अधिकार उपरोक्त छः समुदायों पर लागू होने लगे। परन्तु जहां अल्पसंख्यक समुदायों में छः समुदाय आते हैं वहीं वोट बैंक की राजनीति के कारण अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के नाम पर विभिन्न राज्य सरकारों ने

सिर्फ मुस्लिम समुदाय के शैक्षणिक संस्थानों (मदरसों) के लिए विशेष प्रावधान करते हुए कानून बनाये और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को ऐसे ही छोड़ दिया। इन्हीं संवैधानिक प्रावधानों के अनुपालन में विभिन्न राज्यों द्वारा अपने राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया गया। उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2016 एवं उत्तराखण्ड गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता विनियम, 2019 भी इसी संवैधानिक अधिकार की परिणीति था। अब हम एकमत थे कि संवैधानिक व्यवस्था का पालन करते हुए अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान प्रारम्भ करने एवं संचालित करने का अधिकार सभी छः अल्पसंख्यक समुदायों को दिया जाना चाहिए।

इसके लिए आवश्यक था कि माननीय उच्चतम न्यायालयों के ऐसे ऐतिहासिक निर्णयों का भी अध्ययन किया जाये जिसमें अल्पसंख्यकों के अधिकारों और उनसे संबंधित संविधान के अनुच्छेदों की व्याख्या की गई हो। अध्ययन करने पर हमने पाया कि टी.एम.ए. पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य, 2002 एवं पी. ए. इनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य, 2005 के उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्णय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान प्रारम्भ करने एवं संचालित करने के अधिकार एवं अल्पसंख्यक समुदायों के निर्धारण की महत्वपूर्ण व्याख्या करते हैं। जहां टी.एम.ए. पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य, 2002 के निर्णय में 11 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यक संस्थानों का प्रशासनिक अधिकार मौलिक अधिकार है। राज्य केवल उचित विनियमन (reasonable regulation) कर सकता है, जिससे शैक्षणिक उत्कृष्टता बनी रहे, परंतु अल्पसंख्यक चरित्र प्रभावित न हो। वहीं पी.ए. इनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य, 2005 प्रकरण में न्यायालय ने यह कहा कि निजी अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों पर आरक्षण या कोटा लागू नहीं किया जा सकता और प्रवेश प्रक्रिया और शुल्क निर्धारण में उन्हें स्वायत्तता प्राप्त है।

इन्हीं सब अध्ययनों के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि उत्तराखण्ड राज्य में उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2016 एवं उत्तराखण्ड गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता विनियम, 2019 को समाप्त करते हुए सभी अल्पसंख्यक समुदायों को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संवैधानिक वैधता के साथ एक अधिनियम लाने की आवश्यकता है। समुचित अध्ययन और संवैधानिक वैद्यता का पूर्ण रूप से ध्यान रखते हुए हमारे द्वारा उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान विधेयक, 2025 तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी जी के द्वारा समिति के अन्य सदस्यों मुख्य सचिव आनंद वर्धन, पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पाण्डेय, पूर्व आई.ए.एस. डॉ. राकेश कुमार एवं प्रमुख सचिव नियोजन मीनाक्षी सुन्दरम की सहमति पर अल्पसंख्यक विभाग के विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते को मंत्रीमंडल की बैठक में लाने का निर्देश दिया गया। सरकार के कुछ अधिकारियों के द्वारा बिना अध्ययन किये इस पर आपत्तियां भी की गईं परन्तु माननीय मंत्रीमंडल ने उनके सभी निरर्थक तर्कों को दरकिनार करते हुए 17 अगस्त, 2025 को मंत्रीमंडल की बैठक में विधानसभा में पेश करने हेतु पारित कर दिया। तत्पश्चात 20 अगस्त, 2025 को उत्तराखण्ड की विधानसभा द्वारा पारित होकर इस विधेयक ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान अधिनियम, 2025 का रूप ले लिया। भारत गणराज्य में अल्पसंख्यक शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार कोई अधिनियम लाकर अभूतपूर्व कार्य करने वाला उत्तराखण्ड पहला राज्य बना।

उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान अधिनियम, 2025 के प्रमुख प्रावधानों में स्पष्ट किया गया है कि अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान की परिभाषा में वे संस्थान आयेंगे जो किसी धार्मिक या भाषाई अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित और संचालित किये गये हों। प्रशासनिक स्वायत्तता, प्रबंधन, नियुक्ति एवं आंतरिक प्रशासन में स्वतंत्रता से इस अधिनियम में काई छेड़छाड़ नहीं की गई है एवं सरकारी विनियमन की सीमा केवल शैक्षणिक मानक, पारदर्शिता एवं छात्र हित तक सीमित रखी गई है। इस अधिनियम के अन्तर्गत मान्यता एवं अनुदान प्राप्त करने में अल्पसंख्यक स्वरूप के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। इस अधिनियम के सही क्रियान्वयन के लिए उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन करते हुए उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2016 एवं उत्तराखण्ड गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता विनियम, 2019 को वर्तमान शैक्षणक सत्र की समाप्ति के उपरान्त 01 जुलाई, 2026 को समाप्त कर दिया जायेगा।

इस अधिनियम के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण किसी शैक्षणिक संस्थान को अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान की मान्यता तभी प्रदान करेगा जब आवेदक शैक्षणिक संस्थान एक अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा स्थापित और संचालित हो; शैक्षणिक संस्थान उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद से संबद्ध हो; शैक्षणिक संस्थान का प्रबंधन किसी ऐसे निकाय द्वारा किया जा रहा हो, जो सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत सोसाइटी के रूप में, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के अंतर्गत न्यास के रूप में, या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अंतर्गत गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में पंजीकृत हो; जिस भूमि पर शैक्षणिक संस्थान स्थापित हो, उसका स्वामित्व / पंजीकृत पट्टा पंजीकृत सोसाइटी/न्यास/ कंपनी के नाम पर हो; शैक्षणिक संस्थान के सभी वित्तीय लेन-देन अनिवार्य रूप से किसी वाणिज्यिक बैंक में उस संस्थान के नाम से खोले गए बैंक खाते के माध्यम से होते हों, सोसाइटी/न्यास/ कंपनी की प्रबंध समिति/न्यासी / निदेशक, जैसा भी मामला हो, और शैक्षणिक संस्थान का शासी निकाय, पूर्णतः या अधिकांशतः संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों से मिलकर बना हो, पंजीकृत सोसाइटी/न्यास / कंपनी के उद्देश्य और लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हों कि यह मुख्य रूप से अपने अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की सेवा करने के लिए बनी है, अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान अपने छात्रों या कर्मचारियों को अपनी किसी भी धार्मिक गतिविधि में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं करेगा, अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान परिषद द्वारा निर्धारित योग्यताओं के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति करेगा; सभी शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में, परिषद और प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियम और विनियम या जारी किए गए निर्देश अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों पर पूर्णतः लागू होंगे, अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जो सांप्रदायिक और सामाजिक सद्भाव के मार्ग में बाधा उत्पन्न करे।

उपर्युक्त के आलोक में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान अधिनियम, 2025 भारतीय संवैधानिक दर्शन के अनुरूप एक महत्वपूर्ण विधायी प्रयास है। यह अधिनियम न केवल अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि टी.एम.ए. पाई और इनामदार जैसे ऐतिहासिक निर्णयों को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में व्यवहारिक रूप में लागू करता है। न्यायिक दिशा-निर्देशों के अनुरूप सही क्रियान्वयन करके इस अधिनियम के द्वारा अल्पसंख्यक शिक्षा के क्षेत्र में स्थिरता, स्वायत्तता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी।

# अयोध्या में सेवा हुई पूरी, कलंक लेकर नहीं जाऊंगा..

## एकांतवास में बोले चंपत राय





**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को लेकर नया घटनाक्रम सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, एकांतवास में रह रहे चंपत राय ने अपने कुछ करीबियों से बातचीत में कहा कि अयोध्या में उनकी सेवा पूरी हो गई है और वह कलंक लेकर नहीं जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके भरोसे के साथ विश्वासघात हुआ है। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी जांच के दौरान चंपत राय राम मंदिर परिसर स्थित तीर्थ क्षेत्र



भवन के ऊपरी हिस्से में ही रह रहे हैं। जब से जांच शुरू हुई है, तब से वह यहीं पर हैं। मामले की जांच जारी रहने के बीच उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है, तब से उनका कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि उन्होंने करीबियों से चोरी प्रकरण में कई बातें कही हैं, जिसमें ये भी कहा कि उनकी इसमें भूमिका नहीं रही। जिस दिन पता चला कि ऐसा हो रहा है तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। उधर, राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण से उपजे हालात को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी सक्रिय है। सूत्रों के अनुसार, संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने लगभग एक सप्ताह तक अयोध्या में प्रवास कर पूरे घटनाक्रम का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने साधु-संतों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े विभिन्न पक्षों से बातचीत कर स्थिति का आकलन किया। बताया जा रहा है कि इस आधार पर तैयार की गई विस्तृत रिपोर्ट संघ के शीर्ष नेतृत्व को भेज दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, राम मंदिर में चढ़ावे की गणना और प्रबंधन से जुड़ी कथित अनियमितताओं के सामने आने के बाद संघ ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। इसी क्रम में क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कौशल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी अयोध्या पहुंचे।

## एसआईटी को मिला 15 जुलाई तक का समय

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) को शासन ने और समय दे दिया है। अब विशेष जांच टीम 15 जुलाई तक अपनी फाइनल रिपोर्ट सौंपेगी। पहले यह रिपोर्ट 30 जून तक देनी थी। जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। एसआईटी प्रमुख, लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने टीम के सदस्यों किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरत्न कुमार के साथ प्रारंभिक रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंपी थी। प्रारंभिक रिपोर्ट में ही एसआईटी ने मामले की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त समय और अधिकारियों की मांग की थी। एसआईटी के अनुरोध पर शासन ने समय बढ़ाने को मंजूरी दे दी।

## मंदिर से चढ़ावा चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा- योगी



**सहारनपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान, चंदे और चढ़ावे में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लूट में शामिल दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। मुख्यमंत्री यहां स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के शुभारंभ और जनसभा को संबोधित कर रहे थे। लगभग 30 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग कभी श्रीराम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, आज वही आस्था की दुहाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कारसेवकों पर गोली चलाने वाले और न्यायालय में श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के अस्तित्व को नकारने वाले आज धार्मिक आस्था की बातें कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई जाती थी और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती थीं।

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद ने बढ़ाई भाजपा के लिए चुनौती

**सहारनपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव भले अभी घोषित नहीं हुए हों, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर सरकारी योजनाओं के उद्घाटन, जनसभाओं और संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी तेज है कि लगातार लगभग एक दशक के शासन के बाद भाजपा किस प्रकार सत्ता विरोधी रुझान और हाल में उभरे राम मंदिर चढ़ावा विवाद जैसी चुनौतियों का सामना करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भाजपा का सबसे प्रमुख चुनावी चेहरा माना जा रहा है। वर्ष 2017 से प्रदेश की सत्ता संभाल रहे योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने 2022 में दोबारा सरकार बनाई थी। अब पार्टी की निगाहें लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी पर हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस



बार मुकाबला पहले की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में मौजूदा विधायकों के प्रति असंतोष की चर्चाएं सामने आ रही हैं। टिकट वितरण को लेकर संभावित दावेदारों की सक्रियता भी बढ़ गई है। सहारनपुर मंडल सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर टिकट को लेकर प्रतिस्पर्धा खुलकर दिखाई देने लगी है, जिससे संगठन के सामने संतुलन बनाए रखने की चुनौती भी मानी जा रही है। इधर, अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और दान के दुरुपयोग को लेकर उठे विवाद ने भी राजनीतिक बहस को नया आयाम दिया है। विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर लगातार हमलावर हैं, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सार्वजनिक मंचों से स्पष्ट कर चुके हैं कि मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बावजूद विपक्ष इस मुद्दे को जनता के बीच प्रमुखता से उठा रहा है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामाजिक और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति का प्रभाव पहले भी चुनावी परिणामों में दिखाई देता रहा है। भाजपा इस क्षेत्र को अपनी मजबूत चुनावी जमीन मानती है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार दौरों को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि विपक्ष का दावा है कि महंगाई, बेरोजगारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति असंतोष और राम मंदिर चढ़ावा विवाद जैसे मुद्दे जनता के बीच चर्चा का विषय हैं। दूसरी ओर भाजपा सरकार विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विस्तार और धार्मिक स्थलों के विकास को अपनी प्रमुख उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी कहना है कि समाजवादी पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक सक्रियता और जमीनी अभियान को और गति देने की आवश्यकता होगी। यदि विपक्ष भाजपा विरोधी माहौल को प्रभावी ढंग से राजनीतिक समर्थन में बदलने में सफल नहीं होता, तो भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है। फिलहाल उत्तर प्रदेश की राजनीति में चुनावी गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। आने वाले महीनों में टिकट वितरण, संगठनात्मक रणनीति, स्थानीय समीकरण और जनमत का रुख मिशन-2027 की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# दुकान में घुसकर गल्ले से 6 हजार की नकदी उड़ायी



पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई

**किरतपुर ( चिंगारी )। स्थानीय मंडावर रोड स्थित एक हार्डवेयर की दुकान में घुसकर अज्ञात युवक द्वारा गल्ले का ताला तोड़कर करीब छह हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।**

मोहल्ला लाडपुरा निवासी इरशाद अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी हार्डवेयर की दुकान मंडावर रोड पर स्थित है। परसो शाम करीब 7 बजे वह नमाज अदा करने के लिए दुकान का आधा शटर बंद कर मस्जिद चले गए थे। इसी दौरान करीब 7:25 बजे एक अज्ञात युवक दुकान के अंदर घुस गया और किसी नुकीली वस्तु से गल्ले का ताला तोड़कर उसमें रखी पूरे दिन की बिक्री के लगभग छह हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। दुकानदार जब वापस लौटा तो गल्ले का ताला टूटा मिला और नकदी गायब थी। जांच करने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में पूरी वारदात कैद मिली, जिसमें संदिग्ध युवक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संविधान के रक्षक हैं अखिलेश यादव : साइम राजा




पौधारोपण करते हुये साइम राजा।

किरतपुर ( चिंगारी )। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष साईम राजा ने सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये विभिन्न स्थानों पर फलदार एंव छायादार पौधों का रोपण किया। सपा नेता साईम राजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पीडीए उ.प्र. के महानायक, सामाजिक न्याय और संविधान के रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि समाज हित एंव पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान है। उन्होंने जन्मदिवस पर अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन एंव उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। साईम राजा ने कहा कि जनता के बीच उनकी लोक प्रियता निरंतर बढ़ रही है और देश उन्हें भविष्य में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका में देखना चाहता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पुन: समाजवादी पार्टी की सरकार के गठन की मंगलकामना की। साईम राजा ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह 2027 के विधान सभा चुनाव में जुट जाएं और पार्टी को पूर्ण बहुमत दिलाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं। यही जन्मदिवस का बहतरीन तोहफा होगा।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र अब्दुल बासित व उसकी पत्नी शाहरदा जो हमारे साथ आए दिन गाली-गलौच, मारपीट व अभद्र व्यवहार करते हैं तथा गलत संगत में पड़ चुके हैं, मैने इन्हें समझाने की काफी कोशिश की परंतु यह मानने को तैयार नहीं है। मैं इनके इस तरह के व्यवहार से तंग आकर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए इनसे अपने सारे संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद से मेरा इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इनके द्वारा किये गये जो भी अच्छे बुरे कार्य होंगे, उसके यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**– अब्दुल शकूर पुत्र अब्दुल गफूर, निवासी ग्राम रसूलपुर आबाद, थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# मजार प्रकरण में नया मोड़ : दस्तावेजों पर सवाल



टीचर्स कॉलोनी के निवासी एसडीएम को ज्ञापन देते हुए

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर की टीचर्स कॉलोनी स्थित पीर बाबा नासिर मियां मजार के पास सरकारी भूमि में पक्का मार्ग बनवाए जाने की मांग को लेकर बुधवार को डॉ. प्रकाशवीर सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह, विश्व हिंदू परिषद के बिजनौर विभाग कार्यकारिणी सदस्य चौधरी अरुण कुमार एडवोकेट, राजेंद्र सिंह, आकाश चौहान ने एसडीएम स्मृति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बाबा नासिर मियां की जियारत के पास टीचर्स कॉलोनी को कालागढ़ मार्ग से जोड़ने वाले मिट्टी के कच्चे मार्ग को पक्का रास्ता बनवाने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग करते हुए अपने पक्ष में अन्य अभिलेख भी प्रशासन को सौंपे। चौधरी अरुण प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि मजार पक्ष द्वारा प्रशासन को दिए गए दस्तावेज में वक्फ बॉर्ड में दर्ज 1075 नंबर का उल्लेख किया गया है। ऑनलाइन गजट में चेक करने पर ज्ञात हुआ कि यह नंबर किरतपुर में है। उन्होंने बताया कि दफा 37 की फर्द वक्फ बोर्ड की है, उसमें 1075 नंबर किरतपुर में दर्ज है। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति मामले की जांच कर रही है। समिति सभी उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

## जहरीले सांप ने डसा उस्मान चल बसा



फाइल फोटो

**नीन्दडू ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति को जहरीले सांप के काटने के बाद अनेक अस्पतालों में इलाज कराने और तमाम कोशिशों के बावजूद बचाया नहीं जा सका। ग्राम मटौरा मान निवासी 36 वर्षीय उस्मान पुत्र नफीस को बुधवार की प्रात: नाली सफाई करते समय एक जहरीले सांप ने दो बार काट लिया । तुरन्त परिवार जनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, परन्तु हालत बिगड़ती चली गई और मेरठ के एक अस्पताल में उस्मान ने दम तोड दिया। जिसको मटौरा मान स्थित पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# एप के जरिये बैटरी बंद कर अवैध वसूली करने वाले को पकड़ा



शिकायत दर्ज करते हुये रिक्शा चालक।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल शाम नगर व क्षेत्र के काफी संख्या में ई रिक्शा वाले इकट्ठा होकर थाने पहुंचे और कस्बा इंचार्ज दीपक नागर को एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें ग्राम किथोड़ा के एक युवक पर आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से यह युवक अपने साथियों के साथ मिलकर उन ई रिक्शाओं को क्ल्ज्ञ क्ल्स ऐप के जरिए उनकी ई-रिक्शा की बैटरी बंद कर देते हैं जिसमें लिथियम की बैटरी लगी होती है और चालू करने के नाम पर 200 लेकर बैटरी चालू कर देते हैं। दीपक नागर ने बताया कि उक्त युवक को पकड़ लिया गया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कस्बा इंचार्ज ने सभी ई रिक्शा चालकों से सावधान रहने को कहा है।

# रोटरी क्लब ने डाक्टर्स को सम्मानित किया




**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर शिव मंदिर हल्दौर में रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. विधान चंद्र राय को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नगर के डॉक्टर्स का सम्मान किया गया।

क्लब का 1 जुलाई से सत्र 2026-27 का शुभारंभ डॉक्टर्स डे सम्मान समारोह के रूप में मनाते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष रो.अभिषेक कुमार व सचिव रो.विकास मारवाड़ी आदि वक्ताओं ने भारत रत्न, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री, चिकित्सा क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने वाले डॉ विधान चंद्र राय को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र व समाज को अपनी अतुलनीय सेवाएं देने वाले डॉ. साहब के जन्म दिन को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाना प्रासंगिक है। आज के समय के सभी डॉक्टर्स को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर नगर में अपनी सेवाएं देने वाले डॉ. करुणा रस्तौगी, डॉ. गोपेश्वरी, डॉ. मनीषा राणा, डॉ. हेमचंद राणा, डॉ. असीम कुमार बिश्वास, डॉ. राजीव शरण शर्मा, डॉ नितिन राणा, डॉ. तुषार शर्मा व डॉ. प्रियम रस्तौगी का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र रस्तौगी,भवानी प्रसाद मारवाड़ी, संदीप रस्तौगी, देवेंद्र रस्तौगी, अनिल सिंह, संजय रस्तौगी, प्रवीण रस्तौगी, प्रदीप कुमार, सौरभ ऐरन, नवीन कुमार एड., अशोक कुमार, अनुज मारवाड़ी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र मारवाड़ी ने किया।

# सुरेश राणा आये नहटौर, स्वागत हुआ पुरजोर

## विधायक ओम कुमार के कैम्प कार्यालय में हुआ अभिनंदन

**नहटौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गन्ना मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने के उपरांत प्रथम बार विधानसभा क्षेत्र नहटौर आगमन पर नहटौर विधायक ओम कुमार के कैंप कार्यालय, नहटौर में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक ओम कुमार ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा रानी (उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा, बिजनौर), पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ श्री सुरेश राणा का माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष बिजनौर भूपेंद्र चौहान बॉबी को भी मां दुर्गा जी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ओमकुमार ने कहा कि सुरेश राणा का प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में दायित्व मिलना संगठन के लिए गौरव का विषय है। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, राकेश कुमार (चेयरमैन, भूमि विकास बैंक हल्दौर),पीयूष चौधरी (मंडल अध्यक्ष, भाजपा हल्दौर), वैभव गोयल (मंडल अध्यक्ष, भाजपा नहटौर), हिमांशु पाराशर (मंडल अध्यक्ष, भाजपा भटियाना), श्रीमती विनीता शर्मा, डॉ. उर्मिला पाल, अंकज, सागर प्रधान, ओमप्रकाश डायरेक्टर सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



श्री सुरेश राणा का बुके देकर तथा डा. अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर स्वागत करते हुए ओम कुमार व श्रीमती शोभा रानी।

# बिजनौर में चलाया गया मिशन सेफ फ्यूचर अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा जिले में मिशन सेफ फ्यूचर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट तथा सड़क सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है। एआरटीओ महेश शर्मा ने बताया कि अभियान के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। एक टीम का नेतृत्व स्वयं एआरटीओ महेश शर्मा तथा दूसरी टीम का नेतृत्व पीटीओ मुन्ना लाल कर रहे हैं।

## 95 स्कूली वाहनों की जांच, 27 को नोटिस जारी

## एक सप्ताह में कमियां दूर करने के निर्देश, नियमों का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम सप्ताह में फिटनेस और परमिट समाप्त होने वाले स्कूली वाहनों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्कूल परिसरों और सड़कों पर चल रहे स्कूली वाहनों की भी जांच की जा रही है। जांच के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर, सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स, सेफ्टी रॉड सहित अन्य सड़क सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार को अभियान के दौरान कुल 95 स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिनमें 27 वाहनों में विभिन्न कमियां मिलने पर नोटिस जारी किए गए। वाहन स्वामियों को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां दूर कर वाहनों को दोबारा जांच के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

एआरटीओ ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कमियां दूर नहीं करने वाले वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता संबंधी कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को भी संस्तुति भेजी जाएगी।



धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# अखिलेश यादव का बर्थ डे मनाया

## तुम जियो हजारों साल...

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर समाजवादी पार्टी, बिजनौर की ओर से जिलाध्यक्ष हनी फैसल के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। इसके बाद पार्टी कार्यालय के बाहर भंडारे का आयोजन किया तथा राहगीरों को शर्बत वितरित किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों को फल बांटे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मास्टर समीन, राजेंद्र कुमार, नरेश कुमार, नवाब सलमानी, नईम अहमद, अखलाक अंसारी सहित सैकड़ों समर्थकों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव धनंजय यादव एवं अखलाक पप्पू ने किया। इस अवसर पर सांसद रुचि वीरा, विधायक तसलीम अहमद, डॉ. रमेश तोमर, शेख सुलेमान, यशवीर सिंह, नईम उल हसन, राशिद हुसैन, दीपक सैनी, कपिल गुर्जर, शेख जाकिर हुसैन, स्वाति वीरा, जावेद अख्तर, महमूद कुरैशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मोदी जी ने देश के लिये जो किया, वो कोई नहीं कर सका - तपराज


सैदपुरी में ग्रामीणों की समस्यायें सुनते ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल।

**नांगल सोती ( चिंगारी )। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा गत रात्रि क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी गयीं।**

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना, मुफ्त खाद्यान्न (राशन) वितरण योजना, उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना जैसी तमाम जनकल्याणकारी योजनायें शुरू करके वो काम किया है, जो पूर्व की सरकारों ने कभी नहीं किया था। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में रिकॉर्ड विकास कार्य कराकर देश की तस्वीर बदल दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो इच्छाशक्ति और दृढ़ता दिखाई है, वो पूर्व की सरकारों में नहीं थी। मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमायें बेहद सुरक्षित हुई हैं

## ग्राम सैदपुरी में जन चौपाल का आयोजन

तथा विदेशों में देश का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव समाधान किया तथा शेष समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में सत्यपाल सिंह, जाकिर अली, मौजिज हुसैन, सुधीर चौधरी, कावेन्द्र सिंह, विजयपाल सिंह, मौ. इफ्तेखार, सुधीर चौधरी, नवाब, अब्बास, कैशर, भूरे, अलीमुद्दीन, सुल्तान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शांति एवं कानून व्यवस्था से कभी भी कोई समझौता नहीं : राजीव वर्मा


बादीगढ़ चौराहे पर चैकिंग करते एसएचओ राजीव कुमार वर्मा।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था व क्षेत्रवासियों के मान-सम्मान से कभी भी कोई समझौता नहीं होगा और महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती रहेगी। गत दिवस बादीगढ़ चौराहे पर वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चैकिंग करते थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने चिंगारी संवाददाता एसएम असलम से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि कानून का सम्मान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का बराबर सम्मान होगा, फरियादी की सम्मानजनक सुनवाई होगी, मगर कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। राजीव वर्मा ने आगे कहा कि अगर किसी ने कभी भी क्षेत्र की अमन-शांति में व्यवधान डालने का प्रयास किया और यातायात के नियमों को तोड़ा तो कोई सुनवाई नहीं होगी।

# पैसे वापस मांगने पर मारपीट की

**शेरकोट ( चिंगारी )।** दुकानदार ने उधार के पैसे मांगने पर एक युवक पर मारपीट करने और दुकान का सामान फेंकने का आरोप लगाया है। मुहल्ला इमामबाड़ा निवासी मौ. हसन उर्फ नौशाद अपने घर के पास परचून की दुकान करता है। हसन का आरोप है कि बीते सोमवार को राशिद पुत्र युसूफ निवासी मुहल्ला इमामबाड़ा उनकी दुकान पर सामान लेने आया। नौशाद ने बताया कि इस दौरान उसने राशिद से पिछले बकाया चल रहे पैसे मांगे तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और दुकान में घुसकर सामान भी फेंक दिया। दुकानदार का आरोप है कि शोर सुनकर आए लोगों ने उसे बचाया और आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर गया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भोलू ने डाक्टर्स को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )। डॉक्टर्स डे के अवसर पर वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट ने कान्हा रेस्टोरेंट में डॉक्टर्स के साथ केक काटा और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.के. बबली एडवोकेट एवं संजीव अग्रवाल एडवोकेट ने की। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक चौधरी एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बिजनौर तथा शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत गर्ग के द्वारा केक काटा गया। कार्यक्रम में डॉ. आशु आत्रेय, डा. अक्षत अग्रवाल, डॉ. ऋतुराज राणा, डॉ. रोहन चौधरी, डॉ. आशीष चौधरी, डॉ. मुदित अग्रवाल, डॉ. दानिश, अजीत कुमार, तुषार चौधरी एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।**

# मूक बधिर वृद्ध का शव गड्ढे में पड़ा मिला

**नूरपुर ( चिंगारी )।** करीब एक सप्ताह पूर्व घर से निकले मूक बधिर सरदार हरजीत सिंह का शव एजेंसी के पीछे गड्ढे में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को घर ले गए। बता दें कि मोहल्ला कबीरनगर निवासी सरदार हरजीत सिंह (70) करीब एक सप्ताह से लापता थे। परिजनों के अनुसार हरजीत सिंह अचानक घर से निकल गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने बताया कि हरजीत सिंह जन्म से ही मूक-बधिर थे। बुधवार को करीब 4 बजे धामपुर मार्ग स्थित एक गड्ढे में राहगीरों ने शव पड़ा देखा। बुजुर्ग की मौत से परिवार में शोक व्याप्त हो गया।


मृतक का फ़ाइल फ़ोटो

# पत्रकार शकील अहमद के बड़े भाई का इंतकाल

**बिजनौर ( चिंगारी )। स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा निवासी शकील अहमद रिपोर्टर के बड़े नासिर अहमद का लंबी बीमारी के बाद सुबह इंतकाल हो गया। 72 वर्षीय नासिर अहमद लगभग 4 साल से पैरालाइसिस से ग्रस्त थे। यूएई से कार्यमुक्त होने के बाद स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा भाटान में अपने परिवार के साथ रहते थे। बुधवार में सुबह तबीयत बिगड़ने पर घर पर ही इंतकाल हो गया। नासिर अहमद के परिवार में पांच बेटे और एक बिटिया है।**

**उनके जनाज़े की नमाज इमली वाली मस्जिद में हुई। बाद नमाज जनाज़ा के उनको पैतृक कब्रिस्तान में सपुर्द खाक कर दिया गया। इस मौके पर मोहम्मद शोएब, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद सुहैल अहमद, मोहम्मद आसिफ, मुस्लिम भाई सलीम अहमद, मोहम्मद अशफाक मेरठ वाले और सूबेदार जी, जाकिर भाई, अदनान, खालिद असरार, विकास कुमार अग्रवाल बीजेपी नेता, खालिद चौधरी, काजी फरहत आशु, जफर आलम, जावेद भाई भट्टे वाले, मोहम्मद अजहर कृष्णा कालेज वाले, मोहम्मद रफी, इंजीनियर मोहम्मद अशरफ, बिट्टू, शबाहत अली, सलीम अख्तर एडवोकेट उर्फ शल्लू भाई, सूफी इदरीश अहमद, इमाम साहब किले वाली मस्जिद, इकबाल अहमद इंचार्ज किले वाली मस्जिद, मोहम्मद आसिम, रईस अहमद, मोहम्मद शोएब, वसीम अहमद, हसन, साबिर, हाजी दानिश, जावेद उर्फ बब्बू भाई क्लासिक टेलर, वरिष्ठ पत्रकार सचिन कुमार वर्मा, जहीर अहमद, संजीव कुमार शर्मा, सरफराज खान, जुबेर खान, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद आमिर, नईम अंसारी, वसीम अख्तर, इफ्तिखार मालिक, सचिन कुमार शर्मा, हितेश विश्वकर्मा, सत्येंद्र कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे। चिंगारी परिवार नासिर अहमद की मगफिरत की दुआ करता है।**


मृतक का फाइल फोटो

# केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन


स्वामी ओमवेश को केक खिलाते हुये कार्यकर्ता।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय डाक बंगले में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पुन: मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विधायक स्वामी ओमवेश, डा. लाखन सिंह पाल, संसार सिंह, नगर अध्यक्ष नाजिम खान, बहार आलम, नईम अहमद, शेर आलम चांद, मोहसिन अंसारी, जुल्फुकार अहमद उर्फ भूरे भाई, मौ. अफजल खान अज्जू, मोमिन खां, उस्मान अल्वी, नफीस सैफी, रूपराज चौहान, अनस मलिक, अबरार अहमद, सतवीर प्रधान, राहुल यादव, संजय यादव, राजकुमार यादव, मौ. जुबैर, रविन्द्र सिंह, लाला योगेन्द्र सिंह, चन्द्रपाल सिंह, आशू, नितिन कुमार, अनिल कुमार, राजीव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पशुशाला से गौवंश को उठा ले गया गुलदार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरौदा निवासी किसान विजेंद्र उर्फ टाटा पुत्र भत्तू सिंह ने बताया कि रोजाना की तरह वह शाम को पशुओं को चारा खिलाकर पशुशाला में बांधकर सो गए थे। देर रात किसी समय गुलदार पशुशाला में घुस आया और वहां बंधे एक गौवंश को खींचते हुए जंगल में ले गया, वहां गुलदार ने गौवंश को बुरी तरह नोचकर मार डाला।**

बृहस्पतिवार सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती के आसपास के खेतों में पिछले कुछ दिनों से गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही हैं। पूर्व में गुलदार गांव के पास ही एक कुत्ते को अपना निवाला बन चुका है, जिससे लोगों में पहले से ही भय का माहौल बना हुआ है। अब गौवंश पर हुए हमले के बाद बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। वहीं जंगल कृषि कार्य करने जाने वालों को भी गुलदार का डर सता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना वन विभाग को



बिजेन्द्र उर्फ टाटा की पशुशाला जहां से गुलदार गौवंश को उठा ले गया।

तत्काल दे दी गई थी, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी विभागीय टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में वन विभाग के प्रति नाराजगी है। ग्रामीण लोकेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, बरम सिंह, खन्ना सिंह, सौरभ कुमार, बबलू सिंह, राहुल ठाकुर ने वन विभाग से गांव में तत्काल पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने तथा क्षेत्र में नियमित गश्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी घटना से बचा जा सके। मामले को लेकर चांदपुर रेंजर दुष्यंत मावी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, उनका फोन रिसीव ना होने की दशा में संपर्क नहीं हो पाया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

## पीछे बैठी उसकी पत्नी व भांजी भी चोटिल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पीछे बैठी उसकी पत्नी व भांजी भी चोटिल हो गई। रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम दहलावाला निवासी मौ. परवेज बुधवार की देर शाम अपनी पत्नी निशात परवीन सहित मानियावाला निवासी अपनी भांजी को तानिया वाला स्थित उसके घर छोड़ने जा रहा था कि रेहड़ बस स्टैंड पर एक अज्ञात



वाहन की चपेट में आकर बाइक गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और पीछे बैठी उसकी पत्नी व भांजी भी चोटिल हो गई, जबकि वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम एवं परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल ले गए। थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि तहरीर आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# जयभगवान जांगड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिजनौर ( चिंगारी )। श्रीमती रचना पाल पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा, पंडित गोपाल धीमान जिला सहमीडिया प्रभारी भाजपा एवं सुनील राजपूत जिला संयोजक सुशासन एवं केन्द्र राज्य समन्वय भाजपा ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री डा. प्रमेन्द्र जांगड़ा के पिता स्व. जयभगवान जांगड़ा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और लोनी, गाजियाबाद स्थित फार्म हाउस में आयोजित उनके तेरहवीं संस्कार में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

# बूंदाबांदी के बीच निकाली 'स्कूल चलो अभियान' रैली




**शेरकोट ( चिंगारी )।** ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और स्टाफ ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बूंदाबांदी के बीच कल प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर गांव में रैली निकाली,जो विद्यालय से शुरू होकर गांव के मुख्य रास्तों पर घूमने के बाद विद्यालय आकर समाप्त हुई। रैली में बच्चों ने ग्रामवासियों को बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के महत्व सम्बंधी नारे लगाए, वहीं अध्यापकों ने मुख्य स्थानों पर रुककर ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व बताया और सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। जागरूकता रैली में प्रधान अध्यापक देवेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक पुनीत गहलोत, दुष्यंत कुमार, शिक्षामित्र सत्येंद्र कुमार, पंडित भास्कर कौशिक, रामपाल सिंह, पंकज कुमार, कृष्णकुमार कौशिक आदि भी शामिल रहे।

# सफाई तो कराई, मगर मात्र औपचारिकता निभाई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ में कूड़े कचरे से बुरी तरह अटे पड़े नालों को लेकर ग्रामीणों की बढ़ती नाराजगी को भांपते हुए पंचायत सचिव नौबहार सिंह ने नालों की सफाई तो कराई, मगर मात्र औपचारिकता निभाकर इतिश्री कर ली, जिसे लेकर ग्रामीण संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि बुरी तरह अटे पड़े नालों की तलछट सफाई कराई जाये, ताकि जल भराव से निजात मिल सके। रेहड़ में बुधवार की प्रात: नालों की सफाई के नाम पर नाले के पानी में ऊपर तैर रहे कुछ पन्नी व कूड़े करकट को सफाईकर्मी द्वारा फावड़े से हटवाकर सड़क किनारे डलवा दिया गया।



रेहड़ में नाले की सफाई करता कर्मचारी।

# स्व. सचदेवा की पुण्यतिथि पर लगाया बरगद का पौधा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाजपा नगर उपाध्यक्ष मानव सचदेवा के पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री कृष्ण गोपाल सचदेवा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर मानव सचदेवा नामित सभासद व भाजपा नगर उपाध्यक्ष, छोटे पुत्र गौरव सचदेवा,राजवीर सिंह सभासद व भाजपा नगर महामंत्री, मंदिर प्रबंधक अशोक कुमार, वरिष्ठ क्रिकेटर अनुज त्यागी, ऋतिक चौधरी, गोवर्धन शर्मा, सुधीर ठाकुर, भूपेन्द्र ठाकुर, अनिकेत शर्मा द्वारा भूरेमल देवता मंदिर पर बरगद का पौधा लगाया गया। पिछले वर्ष लगाए गए पौधों को खाद व पानी दिया गया। पौधों की सुरक्षा का भी प्रबंध किया गया। वर्षा ऋतु में और पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। साथ ही मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य के लिए भी अनुज त्यागी व गौरव सचदेवा ने अपना सहयोग दिया। मंदिर प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि 19 जुलाई को रामायण का पाठ होगा और 20 जुलाई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।



# अखिलेश के जन्मदिन पर 53 किलो का केक काटा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को चांदपुर रोड स्थित सपा के प्रदेश सचिव राशिद राईन एडवोकेट के कैंप कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 53 किलो का केक काटकर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश सचिव राशिद राईन एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में सभी वर्गों के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिलाकर अखिलेश यादव को दोबारा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अंजार राईन, बीके कश्यप, दिनेश कश्यप, अदनान, जेडी चेतन, डॉ. कपिल, रोहित कश्यप, मोहम्मद राजा, शकील अहमद, फहद नबी, फरहान राईन, रफीक, करीम, फैज अंसारी, आसिफ अहमद, शाहरुख शेख, मोहम्मद अरशद, गुफरान सिद्दीकी, सादिक बकरी, मोहम्मद फैज एडवोकेट, आवेश, फैसल राईन, मोहम्मद कैफ, ताहिर, अदनान, सरफराज, समीर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अमानगढ़ वन रेंज में सारस की संख्या बढ़ी

## गणना में कुल 63 सारस पाये गये

अफजलगढ़ (चिंगारी)। बुधवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन सारस गणना विभाग द्वारा संपन्न की गई। जानकारी के अनुसार गणना में उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस (क्रौंच) की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। सारसों की बढ़ती संख्या से वन विभाग उत्साहित है। अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) की संवेदनशील श्रेणी में शामिल है।

वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बताया कि गणना के लिए रेंज क्षेत्र में करीब सात टीमें गठित की गई थीं। टीमों द्वारा जुटाए गए आंकड़ों का संकलन कर विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार गणना में कुल 63 सारस पाए गए। जिनमें 36 वयस्क और 27 बच्चे शामिल हैं। जबकि पिछले वर्ष हुई ग्रीष्मकालीन सारस गणना में 53 सारस मिले थे। जिनमें 33 वयस्क और 20 बच्चे शामिल थे। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में सारसों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। प्रकृति प्रेमी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अमानगढ़ वन क्षेत्र सारसों के लिए सुरक्षित और अनुकूल पर्यावास साबित हो रहा है। यहां दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों की बढ़ती संख्या बेहतर पर्यावरण और संरक्षण व्यवस्था को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सारसों का बढ़ता कुनबा अमानगढ़ के लिए शुभ संकेत है। हालांकि इनके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर के नेतृत्व में की गई सारस गणना में उपराजिक श्यामलाल यादव, वन दरोगा वाकर रजा, रवि सागर, फूल सिंह सैनी, वन रक्षक मोहित कुमार, संजय मठपाल, कुमारी स्वाती आदि मौजूद रहे।



अमानगढ़ में मौजूद सारस (क्रौंच)।

# हकीमपुर में नाबालिग से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग से बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि 1 जुलाई को हकीमपुर के एक व्यक्ति ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी थी कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री से बलात्कार किया है। पुलिस ने इस मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ–पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़–फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार–बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने अनाथ बच्चों के बीच मनाया अखिलेश का जन्मदिन



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 53 वां जन्मदिन सपा के वरिष्ठ नेता हाजी रफीक अंसारी नजीबाबाद स्थित प्रेमधाम आश्रम में मूक बधिर (अनाथ/ विकलांग) बच्चों के बीच में मनाया। इस अवसर पर रफ़ीक़ अंसारी द्वारा बच्चों के साथ मिलकर केक काटा गया एवं बच्चों को भोजन वितरण भी किया गया। इस मौके पर नजीबाबाद विधानसभा के हाजी इरफान अंसारी, शरीफ ठेकेदार, डॉ. सईदुर्रहमन, आतिफ अंसारी, इमरान अंसारी, निसार अंसारी, अतीक ठेकेदार, तसलीम अंसारी, मौ. शाकिर, अफ़ज़ल कुरैशी, कामिल कुरैशी, मोनू, हाफ़िज़ दिलशाद आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंदौर की टीम ने किया कवि दुष्यंत त्यागी संग्रहालय का निरीक्षण

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में बन रहे कविराज दुष्यंत कुमार त्यागी संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। नाइट स्क्वायर आर्किटेक्ट फर्म इंदौर की टीम के इंजीनियर आर्किटेक्ट राहुल डावर, ऋतुराज भारती ने निर्माणाधीन संग्रहालय का निरीक्षण किया। टीम के द्वारा कमी पाए जाने पर तुरंत सही करने के निर्देश दिए। टीम द्वारा बताया गया कि उनके लिए बड़े ही सौभाग्य कि बात है की इतने बड़े विश्व प्रसिद्ध गजल सम्राट की जन्मस्थली पर उनका आना हुआ है। संग्रहालय के बनने से इस क्षेत्र का विकास होगा, ये इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीम ने राजपुर नवादा के चरण सिंह त्यागी, सुमित त्यागी, नितिन त्यागी सहित अन्य कई ग्रामीणों से भी दुष्यंत त्यागी के विषय बातचीत कर जानकारी हासिल की। सहायक परियोजना प्रबंधक हरिशंकर गुप्ता व भूपेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# जागरूकता को बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

नजीबाबाद (चिंगारी)। बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालयों में शत–प्रतिशत नामांकन एवं किन्ही कारणों से बीच में ही पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का फिर से प्रवेश कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा है कि विद्यालय जाने योग्य आयु का कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहे तथा किन्ही कारणों से बीच मे ही पढ़ाई छोड़ चुके 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के प्रवेश कराकर उन्हें फिर से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। स्कूल चलो अभियान रैली पूर्व माध्यमिक विद्यालय. नजीबाबाद से प्रारंभ होकर मौहल्ला महलसराय, पाईबाग, भवन, नवाबपुरा आदि होकर बीआरसी कार्यालय पर संपन्न हुई। रैली में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद, प्राथमिक विद्यालय भवन, सीपी पठानपुरा, हवेलीतला आदि विद्यालयों के बच्चे सम्मिलित रहे। रैली के आयोजन में शिक्षक नेता मोबीन हसन, मुदस्सर फरोग, शहनाज, शाहजहां, नजमा, कुमुद, राधा, सारिका, नासरा, आसमा, विनीत, सलीम आदि का योगदान रहा।




M D COLLEGE BIJNOR

A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION

APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY

Courses Offered

Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.

Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.



Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.

College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts

Admission Open

Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)

01342-262272941221 7505/506/507/508

www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेन्द्र पाण्डेय निलंबित

### दीनदयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) ने देहरादून के जिला पर्यटन विकास अधिकारी (डीटीडीओ) बृजेन्द्र पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर प्रसारित उन वीडियो और सूचनाओं के आधार पर की गई है, जिनमें दीनदयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना के तहत अनुदान राशि जारी करने के एवज में भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें मुख्यमंत्री की




महत्वाकांक्षी योजना होमस्टे को लेकर जिला पर्यटन अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की बात सामने आई है। खास बात यह है कि परिषद ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए न केवल अधिकारी को निलंबित किया है, बल्कि पूरे प्रकरण की विभागीय जांच भी बैठा दी है।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के जारी निलंबन आदेश के अनुसार बृजेन्द्र पाण्डेय के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित है। आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर लगातार प्रसारित हो रहे वीडियो और शिकायतों का संज्ञान लेने के बाद प्रथम दृष्टया अधिकारी दोषी पाए गए हैं। इसी आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। मामला दीनदयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना से जुड़ा हुआ है। यह योजना राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को होम-स्टे विकसित करने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

सोशल मीडिया में इसको लेकर मामला सामने आया था, जिसमें कहा गया कि अनुदान राशि जारी करने के लिए कथित तौर पर रिश्वत की मांग की जा रही थी। इन आरोपों के सामने आने के बाद पर्यटन विकास परिषद हरकत में आई और मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई कर दी। परिषद ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र सिंह भण्डारी को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्हें नियमानुसार पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान आरोपों की सत्यता, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो संबंधित दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा।

## प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में नवीन सत्र के लिए बीए, बीएससी व बी काम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश आरंभ हो गये हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश तिथि को 12 जुलाई तक विस्तारित किया गया है। अभ्यर्थी उक्त तिथि तक उत्तराखण्ड सरकार के समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

## बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण अधूरा, नगर निगम शीघ्र कराये पूरा : पांडे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या सात स्थित कौड़िया क्षेत्र में काली मंदिर रोड के समीप बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण अधूरा छोड़े जाने पर पार्षद सुभाष पांडे ने नाराजगी जताई है। कहा कि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ तो नाले का पानी आबादी क्षेत्र में घुसकर नुकसान पहुंचा सकता है। इस संबंध में नगर आयुक्त पी.एल. शाह को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वार्ड में काली मंदिर रोड के निकट स्थित नाले पर नगर निगम की ओर से बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। कहा कि अधूरी दीवार के कारण बरसात के दौरान नाले का पानी सीधे आबादी की ओर रुख कर सकता है, जिससे जल भराव और नुकसान की आशंका है। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों में भी सुरक्षा दीवार नहीं होने के कारण नाले का पानी कई घरों में घुस गया था, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। ज्ञापन में उन्होंने नगर निगम से बाढ़ सुरक्षा दीवार के शेष निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की मांग की है।

## सेवा अवधि पूर्ण होने पर डॉ. अरूणा को दी विदाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग में प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्यरत डॉ. अरुणा चौधरी की अधिवर्षता (सेवा) अवधि पूर्ण होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. डी एस नेगी ने कहा कि डॉ. अरुणा चौधरी महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में प्रयोगशाला सहायक के पद पर लगभग 36 वर्ष तक सेवारत रहीं और पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। साथ ही प्रयोगशाला सहायक के पद पर रहते हुए उन्होंने पी.एच.डी. जैसी उपाधि हासिल की,जो उनकी जीवटता का प्रतीक है। वहीं डा. अरूणा चौधरी ने भी महाविद्यालय में बिताए अपने समय को याद किया और कार्यों में सहयोग देने के लिए महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. एससी बहुगुणा, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ. विनोद सिंह भंडारी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. पवन भट्ट, अरविन्द दुदपुड़ी, अनीता धस्माना और राकेश कुमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व सैनिकों ने गढ़वाल राइफल्स का 79वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आठवीं गढ़वाल राइफल्स के पूर्व सैनिकों की ओर से स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 79वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के इतिहास को याद किया गया। कार्यक्रम का आरंभ शहीदों को नमन करके किया गया। तत्पश्चात बटालियन के सीनियर अधिकारी जनरल एनएस राजा सुब्रमणि के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एवं लेफ्टिनेंट जनरल राजन सहरावत के ए वी एस एम बनने व मेजर जनरल धनंजय जोशी के विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित इन्फेंट्री रेजिमेंट है। अब तक, इस रेजिमेंट ने कई प्रमुख सैन्य अभियानों, सीमाओं की रक्षा और शौर्य प्रदर्शन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष धीरज सिंह, जीत सिंह, राजे सिंह, महेंद्रपाल सिंह रावत, ताजबर सिंह, बीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, सोबन सिंह, मुकेश सिंह हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह और रमेश जखवाल सहित राइफल के अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## मानसून की पहली बारिश में डूबा देहरादून

### जलभराव और जाम से बेहाल हुई राजधानी ✦ पहली ही बारिश ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में मानसून की दस्तक के साथ शुरू हुई बारिश ने राजधानी देहरादून की तैयारियों और व्यवस्थाओं की हकीकत सामने ला दी। जुलाई के पहले दिन हुई तेज बारिश ने शहर के कई इलाकों को जलमग्न कर दिया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलभराव, जगह-जगह जाम और बाधित यातायात ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया।

मौसम विभाग की ओर से पहले ही राज्य के कई जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया था और मानसून के पहले ही दिन यह चेतावनी सही साबित होती नजर आई। बुधवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने कुछ ही घंटों में राजधानी के कई हिस्सों को पानी-पानी कर दिया। शहर के प्रमुख बाजारों, कॉलोनियों और रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। डालनवाला, आईएसबीटी, घंटाघर, प्रिंस चौक, सहारनपुर रोड, पटेल नगर और नेहरू ग्राम समेत कई क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। हालात ऐसे हो गए कि कई स्थानों पर सड़कें छोटी नदियों जैसी दिखाई देने लगीं। लोगों को घरों, दुकानों और कार्यालयों तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण रही।

> **4 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी**
>
> **मौसम विभाग ने राज्य में 1 जुलाई से 4 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार देहरादून और बागेश्वर जिलों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन और नदी-नालों के जलस्तर में अचानक वृद्धि की आशंका भी जताई गई है।**

बारिश के चलते शहर की जल निकासी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई। कई स्थानों पर नालियां और ड्रेनेज सिस्टम बारिश के पानी का दबाव झेलने में नाकाम साबित हुए, जिसके कारण सड़कों और गलियों में पानी भर गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष मानसून के दौरान जलभराव की यही समस्या सामने आती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। भारी बारिश का असर यातायात व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दिया। पानी भरने और वाहनों की धीमी गति के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया। स्कूल, कॉलेज और कार्यालयों की ओर जाने वाले लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक समय सड़क पर बिताना पड़ा। कई वाहन चालक घंटों तक जाम में फंसे रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रिखणीखाल पुलिस ने स्थानीय निवासी एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जून 2026 को रिखणीखाल निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना




रिखणीखाल में उनकी नाबालिग पुत्री के साथ देवराज नाम के युवक द्वारा दुष्कर्म करने संबंधी शिकायती पत्र दिया गया। इस पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश आरंभ कर दी थी। दुष्कर्म संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में उक्त प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान दर्ज किए गए तथा घटनाक्रम से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त तथ्यों, पीड़िता के बयान व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पीड़िता से दुष्कर्म करने में देवराज नेगी, निवासी- रथुवाढाब, रिखणीखाल की संलिप्तता की पुष्टि हुई, जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी देवराज नेगी को हनुमान चौक शिवपुर कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## महिला से मारपीट कर गर्भ गिराने व सास की आंख फोड़ने का आरोप लगाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम फजलपुर तबेला निवासी जीनत पत्नी गुलशेर ने गांव के दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट कर तीन माह का गर्भ गिरा देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर के कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित महिला का आरोप है कि गांव के दो लोग उसके परिवार से जाति रंजिश रखते हैं। उक्त दोनों लोगों ने 25 जून 2026 शाम उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर उसके पेट में लात-घुसे मारे जिससे पीड़िता की हालत बिगड़ गई तथा उसका गर्भपात हो गया। घायल अवस्था में पीड़िता के पति ने 112 नंबर पर पुलिस को कॉल की, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर पीड़िता को थाना नजीबाबाद ले गई, जहां से बाद में पुलिस ने उसे समीपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी हालत सीरियस होने पर उसे जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया। थाने में पीड़िता से तहरीर लिखा ली, मगर इस संबंध में पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की, न ही उसे तहरीर की पर्ची दी गई। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी की अगर उसने फैसला नहीं किया तो उसके पति को जान से मार देंगे। एक माह पूर्व भी आरोपियों ने पीड़िता की सास के साथ मारपीट की थी, मारपीट में उसकी सास की आंख में चोट लगने से आंख खराब हो गई है। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी गांव में खुलेआम धमकी देते घूम रहे हैं। पीड़ित महिला ने अपने परिवार की सुरक्षा कराने व आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# बंटवारे के बाद पाकिस्तान से भारत आए लोग शरणार्थी नहीं, योद्धा थे- भागवत



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि 1947 के बंटवारे के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं थे, बल्कि संघर्ष करने वाले योद्धा थे, जिन्होंने अपनी मातृभूमि और धर्म के प्रति प्रेम के कारण भारी कठिनाइयों और दर्द का सामना किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने नये बने पाकिस्तान में कई पीढ़ियों से बनाई और बढ़ाई गई अपनी संपत्ति, जमीन और कारोबार को पीछे छोड़ दिया और भारत आना चुना। भागवत बुधवार को नागपुर में सिंधी समुदाय द्वारा चलाए जा रहे संगठन सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख ने कहा कि बंटवारे के बाद, लोगों ने सोच-समझकर दूसरी तरफ से भारत आने का फैसला किया, क्योंकि वे उस जमीन पर रहना चाहते थे, जो भारत है, जहां वे बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सकें। उन्होंने बताया कि वे शरणार्थी नहीं थे, हालांकि वे विस्थापित हुए थे, लेकिन उस समय उनके लिए यह शब्द गलत इस्तेमाल किया गया था। वे संघर्षरत योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि और अपने धर्म के प्रति प्रेम के कारण संघर्ष किया। भागवत ने कहा कि हम सभी, भारत को एकजुट रखने की वह लड़ाई हार गए, लेकिन उन्होंने क्या चुना? उन्होंने करियर नहीं चुना, उन्होंने धन नहीं चुना, उन्होंने देश को चुना, उन्होंने अपने धर्म को चुना।













